# फेस्टिवल में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया प्रभावित

गंगरार। चित्तोड़गढ़ फोर्ट फेस्टिवल में मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया व अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय में अध्यनरत नाइजीरिया, सूडान, घाना आदि देशों के छात्र-छात्राओं का उपस्थित होना एवं भाग लेना विशेष आकर्षण रहा। रन फॉर फोर्ट मिनी मैराथन में विश्वविद्यालय के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे 25 छात्राएं भी शामिल थी। विश्वविद्यालय के छात्र सौरोत मुरमू ने कुल 10,000 प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर प्रथम पचास में स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन और बलिदान को नृत्यनाटिका द्वारा गोरा बादल स्टेडियम में प्रभारी वन्दना चुण्डावत के संयोजन में प्रस्तुत किया गया।

# फोर्ट फेस्टिवल में मेवाड़ विवि के विद्यार्थी शामिल

चित्तौड़गढ़. तीन दिवसीय चित्तोड़गढ़ फोर्ट फेस्टिवल में मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न आयोजन में सहभागिता की। विश्वविद्यालय में अध्यनरत नाइजीरिया, सूडान , घाना आदि देशों के छात्र-छात्राएं भी इसमें शामिल हुए। रन फ़ॉर फोर्ट मैराथन में विश्वविद्यालय के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के छात्र सौरोत मुरमू ने प्रथम पचास में स्थान हासिल किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन और बलिदान को नृत्यनाटिका द्वारा गोरा बादल स्टेडियम में प्रस्तुत किया गया।

# फोर्ट फेस्टिवल में कला, संस्कृति और विरासत का अभूतपूर्व संयोग

चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। जिला कलक्टर शिवांगी स्वर्णकार की पहल पर पहली बार आयोजित, स्वर्णिम इतिहास एवं समृद्ध संस्कृति के रंगों से सजे तीन दिवसीय चित्तौड़गढ़ फोर्ट फेस्टिवल में कला, संस्कृति एवं गौरवमयी विरासत का अभूतपूर्व संयोग देखने को मिल रहा है। जिले की प्रतिभाओं द्वारा जहां एक और प्रतिदिन विभिन्न कलाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया जा रहा है वहीं जिले में स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भी फेस्टिवल में बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कार्यक्रम की भव्यता एवं विविधता सुनिश्चित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी के समुचित इंतजाम किये कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नाइजीरिया, सूडान, घाना आदि देशों के छात्र-छात्राओं का उपस्थित होना एवं भाग लेना विशेष आकर्षण रहा। रन फॉर फोर्ट मिनी मैराथन में विश्वविद्यालय के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 25 छात्राएं भी शामिल थी। विश्वविद्यालय के छात्र सौरभ मुरमू ने कुल 10 हजार प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर प्रथम पचास में स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन और बलिदान को नृत्यनाटिका द्वारा गोरा बादल स्टेडियम में प्रभारी चन्दना चुण्डावत के संयोजन में प्रस्तुत किया गया।